# पर्थ टेस्ट के पहले दिन 17 विकेट गिरे

## भारत 150 रन पर ऑलआउट, ऑस्ट्रेलिया 67/7 भारतीय कप्तान बुमराह को 4 विकेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ टेस्ट के पहले दिन भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। टीम 83 रन से आगे है और ऑस्ट्रेलिया के 3 ही विकेट बाकी है। ऑप्टस स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। कोई भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका और टीम 150 रन पर ऑलआउट हो गई। जोश हेजलवुड ने 4 विकेट लिए। भारत ने बॉलिंग से कमबैक किया और ऑस्ट्रेलिया 7 विकेट 59 रन पर ही गिरा दिए। दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने 67 रन बना लिए, एलेक्स कैरी 19 और मिचेल स्टार्क 6 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। भारत से जसप्रीत बुमराह ने 4 और मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिए।

नीतीश रेड्डी ने 41 रन बनाए, भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 73 रन बनाने 6 विकेट गंवा दिए थे। यशस्वी जायसवाल और देवदत्त पडिक्कल खाता नहीं खोल सके। विराट कोहली ने 5 रन, ध्रुव जुरेल 11 और वॉशिंगटन सुंदर 4 रन बनाकर आउट हुए। डेब्यू कर रहे नीतीश रेड्डी ने 41 रन (59 बॉल) और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 78 बॉल पर 37 रन की पारी खेली। दोनों के बीच 7वें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी हुई। वहीं, केएल राहुल ने 74 बॉल पर 26 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया से जोश हेजलवुड ने 4 विकेट झटके। पैट कमिंस, मिचेल मार्श और मिचेल स्टार्क को 2-2 विकेट मिले।



**बुमराह ने 4 विकेट लिए ऑस्ट्रेलिया के लिए :** पहले दिन पहली पारी में ट्रैविस हेड ने 11, नाथन मैकस्वीनी 10, उस्मान ख्वाजा 8, मिचेल मार्श 6, पैट कमिंस 3 और मार्नस लाबुशेन ने 2 रन बनाए। स्टीव स्मिथ खाता नहीं खोल सके। भारत की ओर से अब तक जसप्रीत बुमराह ने 4 और मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिए। हर्षित को 1 विकेट मिला।

### केएल राहुल विवादित फैसले पर आउट

पर्थ टेस्ट के पहले दिन भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंडियन टीम 150 रन पर ऑलआउट हो गई। ओपनर केएल राहुल अंपायर के विवादित फैसले पर आउट हुए। जवाब में ऑस्ट्रेलियन टीम ने स्टंप्स तक 67 रन पर 7 विकेट गंवा दिए।

जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट लिए। शुक्रवार को मैच में कई मोमेंट्स देखने को मिले। पंत ने गिरकर स्कूप शॉट लगाया, उनका कैच पैट कमिंस ने छोड़ा। कोहली ने लाबुशेन का कैच ड्रॉप किया। हर्षित ने डेब्यू पर ट्रैविस हेड को बोल्ड किया।

**आउट दिए जाने पर विवाद :** 23वें ओवर में ओपनर केएल राहुल को मिचेल स्टार्क ने आउट किया। ओवर की दूसरी बॉल राहुल के बैट के पास से गुजरी और ऑस्ट्रेलियन टीम ने कॉट बिहाइंड की अपील की। फील्ड अंपायर ने नॉटआउट दिया और ऑस्ट्रेलिया ने रिव्यू ले लिया। रिप्ले में दिखा कि राहुल का बैट उनके पैड्स से लगा था, जिसकी आवाज अल्ट्राएज में दिखी।

### टीमों को तीन सीजन का शेड्यूल मिला, सभी देशों ने अपनी सहमति दी

# आईपीएल-2025 : 14 मार्च से, 25 मई को खेला जाएगा फाइनल

*__नई दिल्ली (एजेंसी)।__ आईपीएल का अगला सीजन 14 मार्च से शुरू होगा और इसका फाइनल 25 मई को खेला जाएगा। आईपीएल ने इसकी जानकारी टीमों को भेजे ईमेल में दी है। क्रिकइंफो के मुताबिक, आईपीएल ने सभी टीमों को अगले तीन सीजन का ड्राफ्ट शेड्यूल भेजा है, लेकिन संभावना है कि ये अंतिम तारीखें होंगी। 2026 सीजन 15 मार्च से 31 मई के बीच खेला जाएगा, जबकि 2027 सीजन 14 मार्च से 30 मई के बीच खेला जाएगा। 2025 सीजन में 74 मैच होंगे, जो पिछले तीन सीजन के बराबर है। हालांकि, इसके बारे में आईपीएल या बीसीसीआई की ओर से अब तक कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है।*

*__आईपीएल ने तीनों सीजन के विंडो में विदेशी खिलाड़ियों की उपस्थिति का दावा किया :__ आईपीएल के भेजे ईमेल में दावा किया गया है कि अगले तीनों सीजन के लिए विदेशी खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धि पर सहमति दे दी है। विदेशी खिलाड़ियों को उनके बोर्ड से इस दौरान खेलने की मंजूरी मिल गई है। इसमें पाकिस्तान शामिल नहीं है।*



*__ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने तीनों सीजन के लिए दी सहमति :__ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने अपने घरेलू और इंटरनेशनल क्रिकेटरों दोनों को आईपीएल 2025 सीजन में खेलने की मंजूरी दे दी है। 2026 में फरवरी-मार्च में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान के साथ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। यह सीरीज 18 मार्च से पहले समाप्त हो जाएगी। साल 2027 सीजन को दौरान टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मार्च में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एकमात्र टेस्ट खेला जाएगा। उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल के लिए उपलब्ध रहेंगे।*

### जोफ्रा आर्चर आईपीएल के मेगा ऑक्शन के लिए शामिल

*__नई दिल्ली (एजेंसी)।__ इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को आईपीएल की नीलामी सूची में फिर से शामिल कर लिया है। कुछ दिन पहले आईपीएल के मेगा ऑक्शन के लिए शॉर्टलिस्ट किए 574 खिलाड़ियों की लिस्ट में उनका नाम शामिल नहीं था। क्रिकइंफो के मुताबिक, गुरुवार को जोफ्रा आर्चरी को आईपीएल ऑक्शन के लिए शामिल किए जाने की जानकारी टीमों को भेज दी गई है। हालांकि, इसके बारे में आईपीएल की ओर से अब तक कोई अधिकारिक बयान नहीं आया है। आईपीएल का मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित की जाएगा।*



## खेल संक्षिप्त

### चार दिवसीय स्पोर्ट्स कार्निवल की 27 से होगी शुरुआत

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** भारतवर्ष में लगभग विलुप्त होते जा रहे गेम्स के साथ जयपुर क्लब एक अलग तरह का अनोखा स्पोर्ट्स इवेंट आयोजित करने वाला है। इस चार दिवसीय स्पोर्ट्स कार्निवल की शुरुआत 27 नवम्बर से होगी। सितोलिया, पैल दूज, लंगड़ी टांग, पंजा लड़ाई, खो खो, गुट्टे जैसे पुराने खेलो के साथ म्यूजिकल चेयर, डार्ट्स, सुडोकू, रुबिक क्यूब, विभिन्न दौड़े, महिलाओं के लिए बॉक्स क्रिकेट टेबल टेनिस, योगा लीग, कैरम और शतरंज जैसे खेल आयोजित किए जाएंगे। क्लब के संयुक्त सचिव डॉ. साकेत माथुर ने बताया कि आज डिजिटल और तकनीकी जीवन शैली में पूरी तरह ढल चुके समाज में हमारे देश की संस्कृति और खेलों को आज की युवा पीढ़ी के साथ रूबरू करवाने का ये एक प्रयास है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस बार एक अनूठे प्रयोग के रूप में देश की एकरूपता को दर्शाने के लिए भारतवर्ष के लगभग प्रत्येक प्रांत में अलग अलग रूप में खाया जाने वाला भोजन खिचड़ी, को हम 29 नवंबर की शाम 7 बजे सभी क्लब के सदस्य मिलकर सांझे चूल्हे पर पकाएंगे और इसको देश की खिचड़ी का नाम देकर एक पर्व के रूप में आयोजित कर देश की अखंडता का परिचय देंगे। जिसमें सदस्य बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है।



### धृति ने महिला अंडर-15 में लगाया शतक

#### डेब्यू मैच में 112 गेंदों पर 125 रनों की शतकीय पारी खेली, एक विकेट भी लिया

**मॉर्निंग न्यूज @ जोधपुर।** जोधपुर की धृति ने पुणे के ग्राउंड में चौके-छक्के लगाकर अपने करियर का पहला अंडर-15 मैच खेला। महिला अंडर-15 की एक दिवसीय ट्रॉफी में राजस्थान महिला टीम का मैच 21 नवंबर को गोवा महिला टीम के साथ था। पुणे के एमसीए क्रिकेट ग्राउंड में हुए इस मैच में गोवा टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान टीम के सलामी बल्लेबाजों ने धमाकेदार 235 रनों की साझेदारी बनाई, जिसमें जोधपुर की ऑल राउंडर धृति माथुर ने अपने डेब्यू मैच में 112 गेंदों पर 125 रनों की शानदार नाबाद शतकीय पारी खेली। उनकी नाबाद पारी में 13 चौके भी शामिल थे। धृति माथुर ने गेंदबाजी में हाथ आजमाया और एक विकेट लिया। गोवा की पूरी टीम 35 ओवर में मात्र 121 रन पर ही सिमट गई। राजस्थान टीम का अगला मैच उत्तर प्रदेश के खिलाफ गोवा में ही 23 नवंबर को खेला जाएगा।



**6 साल से क्रिकेट खेल रही है धृति :** धृति माथुर जोधपुर के पाल रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल की 8वीं कक्षा की छात्रा है। धृति के पिता सुमित माथुर राजस्थान टीम से रणजी ट्रॉफी खेल चुके है। मां माला भाटिया एसएम क्रिकेट अकेडमी की मैनेजिंग डायरेक्टर है। ऐसे में धृति ने छोटी उम्र से ही क्रिकेट खेलना शुरू किया। वे पिछले 6 साल से क्रिकेट खेल रही है।

## कारोबार

# नेटफ्लिक्स के कपिल शो में सोनाक्षी और जहीर ने 'खामोशी' को तोड़ा

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

सिद्धू पाजी और हरभजन सिंह और उनकी प्यारी पत्नियों के साथ मजेदार और पुरानी यादों से भरे सफर के बाद, नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो इस बार नवविवाहित जोड़ी सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल का स्वागत करता है। उनके साथ सोनाक्षी के माता-पिता, शत्रुघ्न और पूनम सिन्हा भी शो में मौजूद होंगे। एपिसोड की शुरुआत जबरदस्त हंसी-मजाक भरे माहौल के साथ होती है, जब कपिल सीधे सोनाक्षी और जहीर की शादी के मजेदार किस्सों पर चर्चा करते हैं। कपिल के हल्के-फुल्के सवाल-जवाब से लेकर मजाकिया अंदाज के बीच, सोनाक्षी और जहीर ने उस पल के बारे में खुलासा किया जब उन्होंने उनके रिश्ते की बड़ी खबर अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को बताई थी।



शत्रुघ्न सिन्हा से उनके रिश्ते के बारे में बात करने के उस पल को याद करते हुए, जहीर इकबाल ने कपिल को बताया कि, एक-दो बार जब मैं घर गया था, उनके साथ 6-8 बॉडीगार्ड खड़े दिखते हैं, तो शादी के लिए उनसे इसका हाथ कैसे मांगूं इसके जवाब में सोनाक्षी ने कहा, फिर उसने मुझे बोला कि मुझे लगता है अब बताने का वक्त आ गया है, बता ही दो, तो मैंने बोला, ठीक है तुम बता दो। जहीर ने अपनी सफाई देते हुए कहा, मैं क्यों बताऊं मैंने अपने डैडी को बता दिया है, तुम अपने डैडी को बताओ। सोनाक्षी ने हंसते हुए कहा, बात तो सही है, तो मैं चली गई और मैंने पापा को बता दिया। और पापा खुश, हम खुश, सब लोग खुश हो गए। इस एपिसोड में हंसी-मजाक, दिल को छू लेने वाले किस्से और कपिल के खास अंदाज का ऐसा मिश्रण है, जो इसे फैमिली एंटरटेनमेंट और बॉलीवुड के जादू का परफेक्ट कॉम्बिनेशन बना देता है, जिसे आप बिल्कुल भी मिस नहीं कर सकते। अगर आप भी इस बिग फैट बॉलीवुड वेडिंग के अंदर की बातें जानना चाहते हैं, तो इस शनिवार रात 8 बजे, नेटफ्लिक्स पर द ग्रेट इंडियन कपिल शो का यह शानदार एपिसोड देखना न भूलें।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने युवाओं का किया सम्मान

#### यू-जीनियस राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी फिनाले में किया

**मुंबई (एजेंसी)।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 'यू-जीनियस 3.0' का फिनाले मुंबई में किया गया। आठवीं कक्षा से बारवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए तीन महीने तक चलने वाला यह बेहद प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम भारत के 48 शहरों में आयोजित किया गया था। इसमें 3700 से अधिक स्कूलों की लगभग 12,500 से अधिक टीमों द्वारा भाग लिया गया था। इस अवसर पर, बैंक की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, ए. मणिमेखलै ने बताया, छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के लिए, बैंक ने वर्ष 2022 में यू-जीनियस के पहले संस्करण का शुभारंभ किया था। पिछले संस्करणों की सफलता को देखते हुए, हम छात्रों के बीच यू-जीनियस 3.0 के लिए उत्साह और जबरदस्त प्रतिक्रिया देखकर रोमांचित हैं। हम इसे राष्ट्र निर्माण और युवा सशक्तिकरण के लिए एक अवसर के रूप में देखते हैं। सेंट पॉल इंग्लिश स्कूल, बेंगलुरु के आदित्य गिरी और नमन भोतिका प्रतियोगिता के विजेता रहे।

### सेंसेक्स में 5 महीने बाद करीब 2000 अंकों की उछाल

**मुंबई (एजेंसी)।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1961 अंक (2.54 प्रतिशत) की तेजी के साथ 79,117 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 557 अंक (2.39 प्रतिशत) की तेजी रही, ये 23,907 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में तेजी और 1 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 49 में तेजी और 1 में गिरावट रही। निफ्टी मीडिया छोड़कर एनएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए। आईटी और रियल्टी इंडेक्स सबसे ज्यादा चढ़ा।



**निवेशकों की वेल्थ 7.25 लाख करोड़ रुपए बढ़ी :** शेयर बाजार में खरीदारी से निवेशकों की वेल्थ 7.25 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। शुक्रवार, 22 नवंबर को बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का ओवरऑल मार्केट कैप 432 लाख करोड़ रुपए हो गया। 21 नवंबर को यह लगभग 425 लाख करोड़ रुपए था।

### सोना 855 बढ़कर 77,787 पर पहुंचा, चांदी में उछाल

**मुंबई (एजेंसी)।** सोने के भाव में शुक्रवार को बढ़त देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 855 रुपए बढ़कर 77,787 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले इसके दाम 76,932 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, चांदी की कीमत में भी आज तेजी रही। ये 533 रुपए बढ़कर 90,850 रुपए प्रति किलो हो गई। इससे पहले चांदी 90,317 रुपए पर थी। वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।



केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि एक बड़ी रैली के बाद सोने में गिरावट आनी थी, वह आ चुकी है। कीमत 74 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम से नीचे आने की गुंजाइश कम है। अमेरिका के बाद यूके ने ब्याज दरों में कटौती की है। इससे गोल्ड ईटीएफ की खरीदारी बढ़ेगी। ऐसे में अगले साल 30 जून तक सोना 85 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है। हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी एचयूआईडी कहते हैं।

## एचडी कुमारस्वामी ने आईआईएम-एटीएम में प्रदान किए राष्ट्रीय धातुकर्मी पुरस्कार

**बेंगलुरु/मुंबई (एजेंसी)**

भारतीय धातु संस्थान (आईआईएम) की चल रही 78वीं वार्षिक तकनीकी बैठक (एटीएम) के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी द्वारा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय धातुकर्मी पुरस्कार (एनएमए) प्रदान किए गए। प्रमुख पुरस्कार विजेताओं में, एस्सार मिनमेट लिमिटेड के सीईओ और एमडी तथा सेल के पूर्व निदेशक (तकनीकी) शशि शेखर मोहंती को आईआईएम के अध्यक्ष और जेएसडब्ल्यू समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एच.डी. कुमारस्वामी द्वारा प्रतिष्ठित 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय धातुकर्मी पुरस्कार धातुकर्म और संबद्ध क्षेत्रों में उत्कृष्टता का जश्न मनाते हैं, तथा लाइफटाइम अचीवमेंट, राष्ट्रीय धातुकर्म, लौह और इस्पात में अनुसंधान एवं विकास, तथा पर्यावरण विज्ञान और धातु विज्ञान श्रेणियों में युवा धातुकर्म में योगदान के लिए प्रतिष्ठित व्यक्तियों को मान्यता देते हैं।

आईआईएम के अध्यक्ष और जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने कहा, भारतीय धातु संस्थान (आईआईएम) हमेशा से एक ऐसा मंच रहा है, जहां नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी उत्कृष्टता का संगम होता है। आज कुमारस्वामी की उपस्थिति हमारे क्षेत्र को मजबूत करने और 21वीं सदी में अग्रणी एक लचीला, विश्व स्तरीय इस्पात उद्योग बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा, मैंने इस बात पर जोर दिया है कि हमें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए अपने बाजारों को पूरी तरह खोलने से पहले स्टील और भारी विनिर्माण जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों का समर्थन करने वाला एक प्रतिस्पर्धी विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की आवश्यकता है। यह दृष्टिकोण हमारे धातु क्षेत्र में लचीलापन और सतत विकास सुनिश्चित करने में मदद करेगा। आइए हम नए विचारों को प्रेरित करने, सहयोग को बढ़ावा देने और भारत को एक उज्ज्वल, टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाने के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं। तीन दिवसीय यह प्रमुख कार्यक्रम 20-22 नवंबर, 2024 तक बेंगलुरु के डॉ. बाबू राजेंद्र प्रसाद अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के जीकेवीके परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

## एक लाख डॉलर से बस एक छलांग दूर बिटक्वॉइन!

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

मार्केट कैप के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटक्वॉइन का रिकॉर्डतोड़ सफर अब भी जारी है और यह 1 लाख डॉलर (84.46 लाख रुपए) के एकदम करीब पहुंच गया। कॉइनमार्क टकैप पर मौजूदा आंकड़ों के मुताबिक यह उछलकर 99,502.92 डॉलर के रिकॉर्ड भाव तक पहुंच गया था। फिलहाल यह 1.04 फीसदी की तेजी के साथ 98,604.66 डॉलर के भाव पर है। डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद से बिटक्वॉइन की चमक में लगातार इजाफा हो रहा है। जिस दिन उन्होंने जीत हासिल की थी, उस दिन इसने पहली बार 75 हजार डॉलर का लेवल पार किया था और अब 20 दिन से कम समय में इसने 99 हजार डॉलर का लेवल पार कर लिया।

**एसईसी के चेयरमैन के इस्तीफे की योजना ने और बढ़ाई बिटक्वॉइन की चमक :** ट्रंप के आने पर क्रिप्टो वर्ल्ड में रौनक तो छाई ही है। इसके साथ ही ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के चेयरमैन गैरी गेंसलर ने ट्रंप के आने पर 20 जनवरी को अपना पद छोड़ने की योजना बनाई है जिसके चलते बिटक्वॉइन की चमक बढ़ी है। गैरी गेंसलर के कार्यकाल में क्रिप्टो को लेकर कई कार्रवाई हुई और अब उम्मीद की जा रही है कि ट्रंप के शासन में ऐसा नहीं होगा और क्रिप्टो इंडस्ट्री को राहत मिलेगी। अब तो यह भी चर्चा होने वाली लगी है कि क्या ट्रंप क्रिप्टो को लेकर एक नई पोस्ट बनाएंगे?

